# 'इन्वेस्टर समिट ने खोला निवेश का द्वार, अपराध नहीं, विकास का बोलबाला'

जासं • लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोमतीनगर विस्तार में हेल्थ सिटी विस्तार सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल व ट्रामा सेंटर का उद्घाटन करते हुए कहा कि 2018 में इन्वेस्टर समिट के माध्यम से प्रदेश में निवेश के द्वार भी खुल गए। अब यहां अपराध का नहीं, बल्कि विकास का बोलबाला है। यह अस्पताल उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं के साथ रोजगार का भी बड़ा माध्यम बनेगा। हेल्थ सिटी ग्रुप के एमडी और आर्थोपेडिक्स सर्जन डा. संदीप कपूर और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह गोमतीनगर ही नहीं, राजधानी समेत आसपास के नागरिकों के लिए उपहार है। उद्घाटन की पूर्णाहुति में बरसात भी हो रही, जो पवित्र हृदय से किए गए कार्य को दर्शाता है।




गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर चार वसंत खंड योजना में हेल्थ सिटी विस्तार हास्पिटल का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में प्रबंध निदेशक डा. संदीप कपूर, विधायक योगेश शुक्ला, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य • सूचना विभाग

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आबादी के लिहाज से यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां 25 करोड़ लोग रहते हैं, जिसमें युवाओं की संख्या अधिक है। उन्हें विकास और रोजगार से जोड़ सकें। इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों को चिह्नित कर विकसित कर रहे हैं। प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से सरकारी व निजी क्षेत्रों में 6.5 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। सीएम ने कहा, पहले यूपी को लेकर नकारात्मक छवि थी। नए निवेश आना तो दूर, जो यहां पहले से थे वह भी पलायन करना चाहते थे। अपराध का बोलबाला था, न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। हमने जीरो टालरेंस नीति लागू किया, जिसे पूरा देश माडल के रूप में स्वीकार करता है।

**40 लाख करोड़ की निवेश यात्रा को बनाया संभव :** सीएम ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आई तो मैंने इन्वेस्टर समिट को लेकर सुझाव मांगे। मुझे बताया गया कि हम 20 हजार करोड़ का निवेश लाएंगे, जो प्रदेश के विकास के लिए बेहद कम है। पहले इन्वेस्टर समिट में चार लाख करोड़ के निवेश से शुरू हुई यात्रा अब 40 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ल, महापौर सुषमा खर्कवाल और हेल्थ सिटी विस्तार हास्पिटल के डा. संदीप कपूर, तीनों पार्टनर चिकित्सक डा. संदीप गर्ग, डा. केवी जैन, डा. राजेश अरोड़ा व डा. अरुण पांडेय मौजूद रहे।